शिक्षा विभाग

शिक्षा संकाय के अन्तर्गत संचालित शिक्षाशास्त्र विभाग में शिक्षाशास्त्री (बीएड), शिक्षाचार्य (एमएड), विद्यानिधि (एमफिल्) एवं विद्यावारिधि (पीएचडी) पाठ्यक्रम NCTE मापदण्डों के आधार पर संचालित हैं। शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम में पीएसएसटी द्वारा प्रवेश दिया जाता है। विद्यानिधि तथा विद्यावारिधि में परीक्षा के आधार पर प्रवेश दिया जाता है। शिक्षाचार्य (द्विवर्षीय)में प्रवेश पीएसएटी परीक्षा द्वारा दिया जाता है।

शिक्षा विभाग में मनोवैज्ञानिक प्रयोगशाला, भाषा प्रयोगशाला, शैक्षिक तकनीकी प्रयोगशाला तथा 5 हजार पुस्तकों से युक्त पृथक् पुस्तकालय है, जिसमें 25 से अधिक मासिक शैक्षणिक पत्रिकाएँ पाठक छात्रों हेतु उपलब्ध हैं। यहाँ नवाचारों के माध्यम से संस्कृत शिक्षण एवं शिक्षक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। अनेक कार्यक्रम जैसे स्वच्छता, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, वाद-विवाद, निबंध, खेल-कूद प्रतियोगिताओं एवं पाठ्य सहगामी क्रियाओं द्वारा छात्रों का सर्वांगीण विकास किया जाता है। समाज का उत्कर्ष शिक्षकों के अधीन है, इस ध्येय पर विभाग कार्य कर रहा है।

शिक्षाशास्त्र विभाग से प्रशिक्षित सैंकड़ों विद्यार्थी आज विभिन्न क्षेत्रों में नियुक्त होकर समाज एवं राष्ट्र की नींव को सुदृढ़ बनाने हेतु प्रयासरत हैं। शैक्षणिक सत्र 2020-21 में अध्यापन कार्य सीबीसीएस पाठयक्रम तथा ऑनलाइन के माध्यम से भी कराया जायेगा।

शिक्षा विभाग की भावी कार्य योजनाएं

1. विभाग में अत्याधुनिक उपकरणों यथा-स्मार्टक्लास रूम, ऑनलाइन कक्षाओं हेतु नवीनतम तकनीक के कम्प्यूटर एवं लेपटॉप की सुविधा, नवीनतम भाषा प्रयोगशाला आदि प्रारंभ।
2. मनोवैज्ञानिक प्रयोगशाला को नवीनतम परीक्षणों हेतु सुसज्जित करना।
3. छात्रों में कौशल-अभिवृद्धि हेतु विशिष्ट बाह्य प्रशिक्षकों की व्यवस्था।
4. छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए समय समय पर विभागीय स्तर पर स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था।

आचार्यगण

डॉ. के. साम्बशिवमूर्ति
विभागाध्यक्ष
9928525565

डॉ. माताप्रसाद शर्मा
सह आचार्य
9929773201

डॉ. दिवाकर मिश्र
सहायक आचार्य
9829560632

डॉ. कुलदीप सिंह पालावत
सहायक आचार्य
9460910985